भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1803
जिसका उत्तर 28 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है।

.....

अंतर्राज्यीय बांधों को नियंत्रित करना

1803. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास बाढ़ के समय अंतर्राज्यीय बांधों को नियंत्रित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नियंत्रित करने का क्या प्रयोजन है; और

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन/अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार का निर्णय क्या है?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) बांधों के प्रचालन और रख-रखाव (ओ एवं एम) तथा सुरक्षा संबंधी मामलों के संबंध में बांध स्वामियों से नियमित रूप से अभ्यावेदन/अनुरोध प्राप्त होते हैं। संबद्ध दिशा-निर्देशों के अनुसार इन अभ्यावेदनों/अनुरोधों का उपयुक्त रूप से उत्तर दिया जाता है।

*****